C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:43 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:46 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 66 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 24 अगस्त 2026



अभिनेत्री शेली फैबारेस का निधन... पेज-3 पर

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं विधायक कोटद्वार ऋतु खण्डूडी भूषण ने रक्षाबंधन के पावन पर्व से पूर्व हल्द्वानी में ईजा बाबू फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम संयोजक कोस्तुभानंद जोशी ने उपस्थित अतिथियों एवं महिलाओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण से उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करना एक प्रेरणादायी पहल है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक मंचों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्तराखंड की लोक संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की, जिसका उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया।कार्यक्रम में वंदना आर्या को पत्रकारिता, नव्या पांडे एवं रितिका जोशी को खेल, मीनू अग्रवाल को नृत्य कला, दिव्यांशी गुसाई को संगीत, खुशी डिगारी को लोक संस्कृति, रेवती कांडपाल को पर्यावरण तथा सरिता रावत को रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया इसी क्रम में रेनू धारियाल को विश्व कीर्तिमान पुस्तिका में नाम दर्ज कराने, दिव्यांशी बिष्ट एवं कल्पना रावत को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के रूप में, जयश्री तिवाड़ी को चिकित्सा, पुष्पा जोशी को सामाजिक क्षेत्र, ज्योति रावत को उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मीनाक्षी अरोड़ा को रासायनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को सदैव सम्मान और विशेष स्थान दिया गया है। आज महिलाएं शिक्षा, खेल, पत्रकारिता, चिकित्सा, पर्यावरण, कला, संस्कृति और सामाजिक सेवा सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाओं का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं।ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करने का भी अवसर है। उन्होंने कार्यक्रम में सम्मानित सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कार्य समाज की अन्य महिलाओं और युवतियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।



## News कॉर्नर

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की प्रेसवार्ता, वंदे मातरम सहित कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस को घेरा

देहरादून। पत्रकारवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस को कई मुद्दों पर घेरा। उन्होंने वंदे मातरम को लेकर छिड़ी बहस पर कहा कि महात्मा गांधी ने वंदे मातरम को धर्म से ऊपर बताया था। कांग्रेस ने वोट गांधी जी के नाम पर लिए लेकिन उनकी सोच को आगे नहीं बढ़ाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रेस वार्ता कर वंदे मातरम सहित कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस को घेरा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लिए ये केवल एक गीत नहीं बल्कि क्रांतिकारी के बलिदान का प्रतीक है। कहा कि कांग्रेस ऐतिहासिक गलतियों की पुनरावृत्ति कर रही है। मोहम्मद अली जिन्ना ने जो बायकाट किया था, वैसा ही अब कांग्रेस दोहरा रही है। संविधान की कॉपी लेकर घूमने वाली कांग्रेस वर्ग विशेष के तुष्टिकरण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने वंदे मातरम को धर्म से ऊपर बताया था। कांग्रेस ने वोट गांधी जी के नाम पर लिए लेकिन उनकी सोच को आगे नहीं बढ़ाया। पत्रकारवार्ता में भट्ट ने कहा कि 24 जनवरी 1950 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को बराबर दर्जा दिया था। लेकिन पूर्व की कांग्रेस की सरकार ने इस दिशा में कोई काम नहीं किया।

सीजेपी बोली- स्कूल कब सुधरेंगे?

## 547 करोड़ से चमके मंत्रियों के बंगलों पर सीजेपी ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली**
एजेंसी

सीजेपी ने आरटीआई से मिले आंकड़ों के आधार पर लुटियंस दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के सरकारी बंगलों के रखरखाव पर पिछले 12 वर्षों में हुए खर्च पर सवाल उठाए हैं। पार्टी का कहना है कि इन पैसों का इस्तेमाल सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाएं सुधारने में किया जा सकता था।

कॉकरोच जनता पार्टी ने लुटियंस दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के सरकारी बंगलों के रखरखाव पर होने वाले खर्च को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने कहा है कि जिस रकम को मंत्रियों के आलीशान सरकारी बंगलों के रखरखाव पर खर्च किया जा रहा है, उसका इस्तेमाल सरकारी स्कूलों की बुनियादी सुविधाएं सुधारने में किया जा सकता था। सूचना के अधिकार से मिली जानकारी पर आधारित आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 12 वर्षों में केंद्रीय मंत्रियों के आवासों के रखरखाव पर कुल 547.68 करोड़ खर्च किए गए हैं।

**2025-26 में ?92 करोड़ हुआ खर्च**



यह मुद्दा पीटीआई की एक रिपोर्ट सामने आने के बाद उठा, जिसमें दावा किया गया कि केंद्रीय मंत्रियों के सरकारी आवासों के रखरखाव पर होने वाला सालाना खर्च 2014-15 में करीब ?27 करोड़ था। यह राशि 2025-26 में बढ़कर रिकॉर्ड ?92 करोड़ तक पहुंच गई। इन आंकड़ों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी ने सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि जब सरकारी स्कूलों में आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी है, तो बड़ी रकम मंत्रियों के बंगलों के रखरखाव पर क्यों खर्च की जा रही है। कॉकरोच जनता पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की। पार्टी ने लिखा कि अपने शानदार बंगलों को ठीक करना बंद करो और स्कूलों को ठीक करो! ?92 करोड़ = 10 नए विश्वस्तरीय सरकारी स्कूल। पैसा तो है, लेकिन इसे सरकारी स्कूलों पर खर्च करने की इच्छाशक्ति की कमी है। पार्टी ने इन आंकड़ों को सूचना के अधिकार के जरिए हासिल जानकारी पर आधारित बताया है। उसके मुताबिक, 2014 से 2019 के बीच मंत्रियों के बंगलों के रखरखाव पर 133.9 करोड़ खर्च किए गए। वहीं, 2019 से 2024 के बीच यह खर्च बढ़कर ?250 करोड़ और 2024 से 2026 के बीच ?174.5 करोड़ रहा। 12 साल की अवधि में कुल खर्च 547.68 करोड़ बताया गया है।

## 378 सिम और 361 ई एम ई आई नंबर पुलिस के रडार पर

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे हॉटस्पॉट अभियान के तहत नैनीताल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर साइबर टीम और थाना पुलिस ने समन्वय पोर्टल के प्रतिबिम्ब के माध्यम से संदिग्ध मोबाइल नंबरों की पड़ताल की। जांच में साइबर अपराध और धोखाधड़ी से जुड़ी गतिविधियों में इस्तेमाल किए जा रहे 378 सिम और 361 आई एम ई आई नंबर चिन्हित किए गए हैं।

पुलिस सत्यापन और तकनीकी जांच के दौरान इन मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल साइबर अपराध से संबंधित गतिविधियों में सामने आया। इसके बाद इन नंबरों के कनेक्शन बंद कराने के लिए संबंधित स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि संदिग्ध मोबाइल कनेक्शनों को निष्क्रिय कराने से साइबर ठगी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा और अपराधियों के नेटवर्क को झटका लगेगा।

नैनीताल पुलिस की साइबर टीम, एसओजी और थाना पुलिस साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही है। संदिग्ध नंबरों की तकनीकी जांच, डाटा विश्लेषण और सत्यापन के जरिए अपराध में इस्तेमाल हो रहे मोबाइल कनेक्शनों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने साफ किया है कि साइबर अपराधियों के नेटवर्क पर निगरानी और संदिग्ध नंबरों को निष्क्रिय कराने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### ओटीपी और बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता संबंधी जानकारी, एटीएम/डेबिट कार्ड की डिटेल, पासवर्ड या सीवीवी जैसी संवेदनशील जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं और संबंधित बैंक या वित्तीय संस्था को भी तुरंत सूचना दें।

### शिकंजा

- साइबर ठगी में इस्तेमाल संदिग्ध मोबाइल कनेक्शनों को बंद कराने की कार्रवाई
- अपराधियों के नेटवर्क पर कसा शिकंजा

## छेड़छाड़ का विरोध पड़ा भारी, परिजनों पर टूट पड़े लाठी-डंडे

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा के इंद्रनगर क्षेत्र में 13 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ कथित तौर पर लगातार की जा रही बदसलूकी और छेड़छाड़ का विरोध करना उसके परिजनों को भारी पड़ गया।

आरोप है कि छात्रा के पिता और चाचा ने जब स्थानीय युवकों की हरकतों का विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी। हमले में छात्रा के पिता के सिर पर गंभीर चोट आई और सिर फट गया। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि इंद्रनगर क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय छात्रा के साथ कुछ स्थानीय युवकों द्वारा लगातार कथित रूप से बदसलूकी की जा रही थी। परिजनों के मुताबिक युवकों की हरकतों से परेशान होकर जब छात्रा के पिता और चाचा ने उन्हें रोकने और समझाने का प्रयास किया तो मामला अचानक हिंसक हो गया। आरोप है कि युवकों ने दोनों को घेरकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में छात्रा के पिता के सिर पर गंभीर चोट लगी और उनका सिर फट गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहीं घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर बनभूलपुरा थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### हादसा: हाइवा ने टोटो को रौंदा, चार की मौत, तीन घायल

**यूपी।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच-722 पर भेल्दी थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। मकेर की ओर से छपरा की तरफ जा रहे एक अनियंत्रित 18 चक्का हाइवा ने सामने से एक टोटो को रौंद दिया। हादसे में टोटो सवार परिवार के तीन लोगों और एक साइकिल सवार समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, टोटो चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकेर में भर्ती कराया गया। हादसे में मृतकों की पहचान अमनौर थाना क्षेत्र के सुल्तानगंज निवासी फारूक मियां, उनकी पतोहू और इब्राहिम मियां की पत्नी शहीदा खातून, इब्राहिम मियां की पुत्री शाना प्रवीण और सोनहो निवासी दीपन पंडित के पुत्र सुरेश पंडित के रूप में हुई है।

## भूत-प्रेत की अफवाह से स्कूल में मचा हड़कंप

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा क्षेत्र स्थित ललित आर्य महिला इंटर कॉलेज में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यूनिट टेस्ट के दौरान कुछ छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई। एक छात्रा के चीखने-चिल्लाने के बाद आसपास बैठी छात्राओं में भी घबराहट फैल गई।

देखते ही देखते स्कूल में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और छात्राओं के बीच भूत-प्रेत की बाधा होने की अफवाह फैल गई। अफवाह फैलते ही कई छात्राएं डर गईं और रोते हुए कक्षाओं से बाहर आने लगीं। जानकारी के अनुसार सोमवार को कॉलेज में यूनिट टेस्ट चल रहे थे। इसी दौरान कक्षा 10 और 11 की एक-दो छात्राओं ने चक्कर आने और तबीयत खराब होने की शिकायत की। एक छात्रा के चीखने-चिल्लाने के बाद आसपास मौजूद अन्य छात्राएं भी घबरा गईं। कुछ ही देर में स्कूल परिसर में छात्राओं के बीच कथित तौर पर भूत-प्रेत की बाधा होने की बात फैल गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

बताया गया कि छात्राओं के बीच अफवाह तेजी से फैलने लगी और कई छात्राएं डर के कारण रोने लगीं। परीक्षा दे रही छात्राओं का ध्यान भी पढ़ाई से हट गया। सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। छात्राओं को शांत कराया गया और हालात सामान्य करने के बाद स्कूल में छुट्टी कर दी गई। स्कूल की प्रवक्ता नीलम के अनुसार सोमवार को छात्राओं के यूनिट टेस्ट चल रहे थे। इस दौरान कक्षा 10 और 11 की एक-दो छात्राओं ने चक्कर आने तथा तबीयत खराब होने की शिकायत की थी। एक छात्रा के चीखने-चिल्लाने से आसपास मौजूद अन्य छात्राएं भी घबरा गईं। उन्होंने भूत-प्रेत की बाधा की बात को अफवाह बताया और कहा कि स्कूल प्रशासन ने तत्काल स्थिति को संभाल लिया। घटना के बाद अभिभावकों में भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। हालांकि छात्राओं की तबीयत बिगड़ने के वास्तविक कारण को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्कूल प्रशासन की ओर से मामले को लेकर छात्राओं और अभिभावकों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी गई है।

# पौराणिक लोक आस्था संग शुरू हुआ देवीधुरा बग्वाल मेला

धारी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन तथा जलागम प्रबंधन मंत्री राम सिंह कैड़ा ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध देवीधुरा धाम में आयोजित 13 दिवसीय देवीधुरा बग्वाल मेले (आषाढ़ी मेला) का विधिवत शुभारंभ किया। माँ वाराही देवी मंदिर परिसर के मुखय द्वार पर फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया गया। मेला 4 सितंबर तक श्रद्धा, आस्था, संस्कृति और सुरक्षा के समन्वय के साथ आयोजित होगा।





मेले का मुख्य आकर्षण ऐतिहासिक बग्वाल है जिसका आयोजन 28 अगस्त को होगा। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने माँ वाराही देवी के दर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों सहित प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर स्थानीय जनताए श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।उद्घाटन कार्यक्रम में ढोल.नगाड़ोंए पारंपरिक छलिया नृत्य एवं कलश यात्रा के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य बाजार से मंदिर मंडल तक निकाली गई शोभायात्रा में महिलाओं एवं छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रतिभाग कर क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था की सुंदर झलक प्रस्तुत की। संस्कृत महाविद्यालय देवीधुरा के विद्यार्थियों एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा वेद मंत्रों एवं स्वस्ति वाचन के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध माँ वाराही धाम के वार्षिक मेले का शुभारंभ करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि देवीधुरा धाम उत्तराखंड सहित देश.विदेश के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित होने वाली ऐतिहासिक बग्वाल इस मेले की विशिष्ट पहचान हैए जिसमें चारों खामों के लोग उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हैं। मंत्री ने माँ वाराही धाम से अपने बचपन के जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र उनके लिए विशेष आस्था और आत्मीयता का केंद्र रहा है। उन्होंने प्रदेश एवं देशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में देवीधुरा पहुंचकर माँ वाराही के दर्शन करने तथा मेले को शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। उद्घाटन के पश्चात मंदिर समिति की ओर से कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा को स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सममानित किया गया। छात्र.छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देवीधुरा बग्वाल मेले में सात थोक एवं चार खामों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं प्रतिभागी शामिल होते हैं। प्रशासन एवं मेला समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाए सुरक्षाए यातायातए पेयजलए स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित की गयी है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारीए मेला संयोजक मोहन सिंह बिष्ट, अध्यक्ष माँ वाराही शक्तिपीठ ट्रस्ट हीरा वल्लभ जोशी, पूर्व अध्यक्ष मंदिर कमेटी खीम सिंह लमगड़िया, नरेंद्र सिंह लडवाल, राजेश बिष्ट, अमित लमगड़िया, लक्ष्मी जोशी, नगर पंचायत पाटी अध्यक्ष नारायण लाल, अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी, उप जिलाधिकारी पाटी नीतू डांगर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अनिल जोशी, सदस्य जिला पंचायत ढोलीगांव नैनीताल बहादुर सिंह नदगली, हयात सिंह बिष्ट, प्रधान वालिक राजेंद्र बिष्ट, गौरव सिंह सिनग्वाल, योगराज सिंह बिष्ट बलवंत सिंह बिष्ट कमल किशोर पांडे, तारा जोशी, रमेश काण्डपाल, किशन सिंह बिष्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीए श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



## एनसीसी कैडेटों ने नुक्कड़ नाटक से दिया प्लास्टिकमुक्त नैनीताल का संदेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल द्वारा आयोजित मेनू कैंप-2026 के सातवें दिन कैडेट्स ने नैनी झील में 26.5 किलोमीटर की सेलिंग पूरी की। इसके साथ ही सात दिनों में कैडेट्स द्वारा कुल 182.5 किलोमीटर की सेलिंग पूरी की जा चुकी है।

नौसैनिक प्रशिक्षण के साथ कैडेट्स ने रविवार को जनजागरूकताए स्वच्छता और साहसिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी की। 5 यूके नेवल यूनिट एनसीएसी के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल शाह ने बताया कि कैंप के सातवें दिन सेलिंग के साथ कैडेट्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गई। कैडेट्स ने नैना देवी मंदिर के समीप नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम लोगों और पर्यटकों को प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा नैनीताल को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कैडेट्स ने प्लास्टिक कचरे से पर्यावरण और नैनी झील को होने वाले नुकसान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया तथा लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने और कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की।इसके बाद कैडेट्स ने ठंडी सड़क क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया और मार्ग एवं आसपास से प्लास्टिक सहित अन्य कचरा एकत्र किया। कैडेट्स की इस पहल के लमाध्यम से स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।कैंप के अंतर्गत नैनीताल माउंटेनियरिंग कलब के सहयोग से डीएसए ग्राउंड नैनीताल में कैडेट्स के लिए आर्टिफि शियल माउंटेन कलाइबिंग गतिविधि आयोजित की गई।

## वरिष्ठ अधिवक्ता नवनीश नेगी को कांग्रेसियों ने किया सम्मानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट के वरिष्ठ अभिवक्ता नवनीश नेगी को कांग्रेस की एक विशेष सभा में सममानित किया गया।

बता दें यह विशेष सभा रविवार को भवाली में आयोजित की गई जिसमें अंकिता भंडारी हत्याकांड केस की नि:शुल्क पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नवनीश नेगी की सममान सभा के रूप में आयोजित की गई। सभा का सफल संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री व जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस खष्टी बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा की नवनीश नेगी ने मानवता की एक मिसाल कायम की है। अंकिता भंडारी हत्याकांड की अदालत में निःशुल्क पैरवी करना और अन्याय के विरुद्ध महान संघर्ष करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने के प्रयास उनकी जन हितकारी सोच और मानवता के लिए समर्पित उच्च संस्कारों का परिणाम ही है।कार्यक्रम में भवाली नगर पालिका के अध्यक्ष पंकज कुमार समेत सुजान रजवार, शांति तिवारी, धनी दुमका, आसमा परवीन, गीता बिष्ट, रचना, सुमन आर्या तथा प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### कटखने बंदरों को पकड़ने के बाद लोगों को राहत

नैनीताल । जिले के भीमताल शहर में वन विभाग की ओर से कटखने बंदरों को पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग के रेंजर श्री मेलकानी के निर्देश पर रविवार की सुबह से काठगोदाम रेस्क्यू सेंटर की टीम द्वारा भीमताल में बंदरों को पकडने का अभियान शुरू किया गया।टीम के सदस्य गिरीश चंद्र और भरत कुमार अपनी टीम के साथ वार्ड नं दो के डांठ समेत सांगुडी गांव, रामनिवास सहित अन्य क्षेत्रों में पिंजरे लगाकर उत्पाती बंदरों को पकड़ा। बता दें कटखने बंदरों के बढ़ते आतंक को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी की ओर से कई मर्तबा वन विभाग से उन्हें पकडने की मांग प्राथमिकता से की गयी थी।

### यातायात पुलिस ने 17 टैक्सी वाहनों के किए चालान

नैनीताल । नैनीताल शहर में प्रतिबंध के बावजूद प्रवेश कर रहे टैकसी वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। रविवार को यातायात पुलिस ने 17 के खिलाफ कार्रवाई की है। टीएसआई हरीश फ र्त्याल ने बताया कि वर्ष 2017 के बाद पंजीकृत टैक्सी बाइक और कारों का नैनीताल शहर में प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कुछ टैकसी वाहन शहर में संचालित किए जा रहे हैं। जिसको रोकने के लिए बीते दिनों से अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते रविवार को नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### डीएम की फ टकार से जागा एनएचएआई

नैनीताल । सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर डीएम की सख्ती का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। शनिवार को विकास भवन में अधिकारियों की बैठक में डीएम की फ टकार के अगले ही दिन एनएचएआई ने नैनीताल.काठगोदाम मार्ग की सुध ली। रविवार सुबह से ही विभाग की टीम सड़क पर उतर गई और गड्ढों को भरने के साथ ही क्षतिग्रस्त पैरापिटों की मरममत शुरू कर दी। एनएचएआई के अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार ने बताया कि फिलहाल सड़क के गड्ढों को भरने और क्षतिग्रस्त डिवाइडरों पैरापिट की मरममत का काम कराया जा रहा है। बरसात के बाद मौसम अनुकूल होने पर सड़क पर व्यापक स्तर पर डामरीकरण कराया जाएगा।

### श्री राम सेवक सभा की बैठक में गहन-मंथन



नैनीताल । उत्तराखंड की संस्कृति तथा विरासत के 124वें वर्ष में पहुंच चुके श्री मां नंदा देवी महोत्सव-2026 के सफल आयोजन हेतु रविवार को सभा भवन में मातृ शक्ति की महत्वपूर्ण बैठक सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी तथा सभा के वरिष्ठ सदस्य प्रो. ललित तिवारी के संचालकत्व में हुई। बैठक में सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी तथा पालिकाध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल तथा दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा तथा वरिष्ठ अधिवक्ता चक्रधर बहुगुणा ने विचार रखे । बैठक में तय हुआ महोत्सव के तहत सभी घरों में झंडा तथा कैलेंडर प्रदान किये जाएंगें। बैठक में मातृ शक्ति का धन्यवाद किया गया कि उनका महोत्सव को सफल बनाने में अतुलनीय सहयोग रहा है । बैठक में महोत्सव के दौरान सफ ई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर व्यापक चर्चा हुई । बैठक में महोत्सव के तहत विभिन्न कार्य दिवसों में होने वाले आयोजनों पर चर्चा की गयी। बैठक मेंअशोक साह, राजेंद्र बिष्ट, बिमल चौधरी,विमल साह,भुवन बिष्ट ,हरीश सिंह राणा, मोहित लाल साह, दिनेश भट्ट, गोधन सिंह,मिथिलेश पांडे,धर्मेंद्र शर्मा तथा सभासद लता दफौटी,गजाला कमाल, गीता उप्रेती, शीतल कटियार,गीता बिष्ट तथा विवेक वर्मा,प्रदीप जेठी, पुष्पा बवाडी, रेशमा टंडन, सुनीता वर्मा, राजेंद्र लाल साह तथा देवेंद्र लाल साह आदि शामिल हुए।

## डंडों से पीटकर पत्नी की हत्या, चार बच्चों को छोड़ फरार हुआ पति

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के दूरस्थ ओखलकांडा क्षेत्र के खनस्यूं थाना क्षेत्र के तल्ली ओखलकांडा में एक व्यक्ति ने मामूली पारिवारिक विवाद में डंडों से पीट.पीटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और घटना के बाद अपने 10 वर्षीय बेटे को धमकाकर फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का अभियोग दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए तीन विशेष टीमें गठित की हैं।

पुलिस के अनुसार घटना 21 अगस्त की रात की है। 37 वर्षीय आरोपित भीम सिंह बोहरा ने विवाद के बाद अपनी पत्नी 28 वर्षीय डिगरी देवी पर डंडे से ताबड़तोड़ वार किए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अगले दिन 22 अगस्त की तड़? आरोपित अपने बड़े बेटे को किसी से कुछ न कहने की धमकी देकर फरार हो गया। मासूम बच्चा दिनभर मां को सोता हुआ समझता रहा। शाम तक कोई हरकत नहीं होने पर उसने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर ग्रामीणों ने खनस्यूं थाना पुलिस को बुलाया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने सीओ भवाली रविकांत सेमवाल के नेतृत्व में घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए डॉ सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी भेजा गया। मृतका के पिता ग्राम अधौड़ा निवासी गुमान सिंह की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध हत्या का अभियोग दर्ज किया गया है। बताया गया है कि मृतका अपने पीछे चार छोटे बच्चों को छोड़ गई हैए जिनमें सबसे बड़ा बेटा 10 वर्ष का है। मां की हत्या और पिता के फरार होने के बाद बच्चे गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने फरार आरोपित की तलाश के लिए तीन विशेष टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश शुरू कर दी है। साथ ही आरोपित का पोस्टर जारी कर आम जनता से भी सहयोग की अपील की गई है।

## 283 ग्राम स्मैक के साथ बरेली का तस्कर गिरफ्तार, किच्छा में एसओटीएफ की बड़ी कार्रवाई

हल्द्वानी/किच्छा। लक्ष्य नशा मुक्त उत्तराखण्ड अभियान के तहत कुमाऊं पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। परिक्षेत्रीय एसओटीएफ और कोतवाली किच्छा पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बरेली निवासी एक कथित स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 283 ग्राम अवैध स्मैक बरामद होने का दावा किया गया है। पुलिस के अनुसार संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान अकबर पुत्र बन्ने अली निवासी रहमानपुर, थाना बिसारगंज, जनपद बरेली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की कीमत बाजार में लाखों रुपये बताई जा रही है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब आरोपी से नशे की खेप के स्रोत और इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्नी बाबू राजपूत

# अभिमत

## विरोधी से भी सीखें

*सार्वजनिक जीवन में आचरण का विशेष महत्व होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी दलों और भाजपा के सांसदों को संसदीय जीवन के लिए नसीहत देते हुए कहा कि अपने आचरण व व्यवहार को लेकर सजग और सतर्क रहें। फोन पर लोगों के साथ अभद्र व्यवहार न करें। विपक्ष सहित सभी साथी सांसदों से सीखने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि लुटियंस जोन में सतर्क रहें। दिल्ली खतरनाक जगह है, सवाल उठना लाजिमी है। दिल्ली देश का दिल है, इसे खतरनाक क्यों कहा गया?*

परिवार के सदस्यों से लेकर समाज में हर व्यक्ति के साथ सभ्यता का पालन करना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में आचरण का विशेष महत्व होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी दलों और भाजपा के सांसदों को संसदीय जीवन के लिए नसीहत देते हुए कहा कि अपने आचरण व व्यवहार को लेकर सजग और सतर्क रहें। फोन पर लोगों के साथ अभद्र व्यवहार न करें। विपक्ष सहित सभी साथी सांसदों से सीखने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि लुटियंस जोन में सतर्क रहें। दिल्ली खतरनाक जगह है, सवाल उठना लाजिमी है। दिल्ली देश का दिल है, इसे खतरनाक क्यों कहा गया? प्रधानमंत्री के मुंह से निकले हर शब्द का मीडिया, विपक्ष और देशवासी अपने-अपने संदर्भ में भावार्थ निकालते हैं। मीडिया और खुफिया तंत्र खतरनाक शब्द को दूरगामी तथा भविष्य में होने वाली किसी आशंका के नजरिये से देख सकते हैं। लुटियंस जोन में मंत्री, सांसद और अति विशिष्ट व्यक्ति रहते हैं। दिल्ली पुलिस से लेकर अन्य सुरक्षा बल लुटियंस जोन में चाक-चौबंद सुरक्षा के लिए सर्वाधिक सतर्कता बरतते हैं। खुफिया तंत्र भी सक्रिय रहता है। आतंकी संगठनों के निशाने पर हमेशा लुटियंस जोन रहता है। प्रधानमंत्री मोदी के खतरनाक शब्द का अर्थ सांसदों को हर तरह के खतरे व साजिश से सतर्क रहना हो सकता है, क्योंकि उन्होंने सांसदों से दो टूक कहा कि साजिश के जाल से सावधान रहें। इस बात का ध्यान रखें कि आप किससे मिलते हैं और कहां मिलते हैं। दरअसल सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में वीडियो बनाना आम बात है। आर्टिफिशियन इंटेलीजेंस के जरिये फर्जी वीडियो बनाये जा रहे हैं। सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों की जरा सी असावधानी हो जाने पर तिल का ताड़ बनाने में विपक्ष देर नहीं करेगा। विपक्षी सांसद इस मामले में बहुत सतर्क हैं। इसी लिए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी सांसदों से भी सीखने की सलाह दी है। भाजपा के कुछ सांसदों ने अति उत्साह में बयानबाजी करके विपक्ष को सरकार पर हावी होने का मौका दिया है। संसद के अंदर तो सत्तारुढ़ दल के सांसद मर्यादित आचरण करते हैं। विपक्ष जरूर शब्दबाण और अभद्र व्यवहार करता है। संसद के बाहर सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों को मीडिया उकसाकर अमर्यादित भाषा में बयान देने को मजबूर कर देता है। सोशल मीडिया पर ऐसी बयानबाजी की चर्चा ज्यादा होती है।

# टिकैत का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन स्थगित

## एडीएम को सौंपा मांगों का मांग पत्र, प्रदेश सरकार को दिया एक माह का अल्टीमेटम

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से डीएम कार्यालय मुख्य गेट पर डटे भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसानों का धरना प्रदर्शन वार्ता के बाद अस्थाई तौर पर समाप्त हो गया है। इस दौरान किसान नेताओं ने जहां प्रदेश सरकार को एक माह का अल्टीमेटम दिया। वहीं स्थानीय मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी के साथ बैठक का निर्णय लिया। काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार किसानों ने आंदोलन समाप्त करने पर हामी भरी और जिला एवं पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। 21 अगस्त को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता की मौजूदगी में किसानों ने किसानों के सभी ट्यूबवेल का बिजली बिल माफ,घरेलू मीटर पर 300 यूनिट बिजली फ्री देने,कर्ज में डूबे किसानों का सभी कर्ज माफ करने,पर्वतीय जिलों के किसानों को 20 हजार रुपये प्रतिमाह हित भत्ता देने,बाजपुर 20 गांवों की भूमि पर मालिकाना हक देते हुए खाद,क्रय-



विक्रय की अनुमति प्रदान करने,बंद पड़ी काशीपुर चीनी मिल के कारण किसानों का बकाया 25 करोड़ रुपये अविलंब जारी कर ने,उत्तराखंड में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद करने,किसानों को 700 रुपये प्रति कुंटल गन्ना मूल्य व सभी वर्गों को भूमि का अधिकार देने को लेकर डीएम कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया था। तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन की अवधि पूरी होने के बाद रविवार की सुबह से ही आला अधिकारी किसान नेताओं को समझाने की कोशिश कर रहे थे। कई दौर की वार्ता विफल भी हुई,लेकिन शाम पांच बजे आखिरी दौर की वार्ता के बाद किसान नेताओं ने आंदोलन को अस्थाई तौर पर समाप्त करने का निर्णय लिया और प्रदेश सरकार को अल्टीमेटम दिया कि एक माह के अंदर शासन स्तर के मुद्दों का समाधान करे। अन्यथा अगला आंदोलन देहरादून में होगा। भाकियू टिकैत का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन आखिरकार समाप्त हुआ और पुलिस एवं जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।

**एक नहीं,बल्कि कई बार वार्ता हुई विफल:** पिछले तीन दिनों से जिला प्रशासन भाकियू का आंदोलन समाप्त कराने का प्रयास कर रहा था।

### बोले प्रदेश अध्यक्ष-अब होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

अस्थाई तौर पर आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा करते हुए भाकियू टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने बताया कि सरकार का एक माह का समय दिया है और सरकार अपना रुख साफ नहीं करती है। तो सितंबर माह के बाद देहरादून कूच होगा और यह आंदोलन अनिश्चितकालीन होगा। साथ ही उन्हें भरोसा है कि स्थानीय मुद्दों का समाधान जिला प्रशासन करेगा।

चूंकि किसानों ने तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन का ऐलान कर दिया था। तो प्रशासन ने संयम से काम लिया और तीसरा दिन पूरा होते ही रविवार की दोपहर दो बजे से वार्ता की शुरुआत की। पहली वार्ता में खुद प्रभारी जिलाधिकारी/ सीडीओ दिवेश शासनी,एसडीएम मनीष बिष्ट,एसपी सिटी डॉ उत्तम सिह नेगी ने मोर्चा संभाला,लेकिन वार्ता विफल रही। दूसरा प्रयास और शाम पांच बजे तीसरी वार्ता सफल रही।

## पुलिस ने लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार किया

रुद्रपुर। एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में जनपद में फरार वारंटी,वांछित,पेशेवर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दिनेशपुर पुलिस ने लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक जनपद में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत थानाध्यक्ष दिनेशपुर पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में फरार चल रहे वारंटियों, वांछितों की गिरफ्तारी को कार्रवाई की। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान सुभम पुत्र आशुतोष विश्वास निवासी वार्ड नंबर 4 थाना दिनेशपुर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में फरार और भगोड़ों अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी। गिरफ्तार वारंटी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में एएसआई सुरेंद्र सिंह बोरा, कांस्टेबल गोविंद आर्या, महेन्द्र सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## संस्कार भारती रुद्रपुर इकाई का ब्रज महोत्सव धूमधाम से मनाया



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

हर साल की भांति इस वर्ष भी संस्कार भारती की रुद्रपुर इकाई की ओर से भव्य बृह महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कई प्रतिस्पर्धा के अलावा स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और विजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया ग या। महोत्सव का शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा और भाजपा जिला मंत्री प्रमोद मित्तल ने किया। अतिथियों ने कहा कि बृज महोत्सव हिदुओं की आस्था का पर्व है,क्योकि महोत्सव के माध्यम से कृष्ण लीलाओं का वर्णन किया गया। युवा पीढ़ी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और इस प्रकार के आयोजन से आत्मविश्वास,संस्कृति और संस्कारों का बोध कराया जा सकता है। इस दौरान अतिथियों ने प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आई विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया और आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम की प्रशंसा भी की। इस मौके पर अध्यक्ष हरवीर चौधरी, महामंत्री नरेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष दीपक कटारिया, मीडिया प्रभारी मनीष मित्तल, रवि अग्रवाल, प्रमोद यादव, विजय कक्कड़,शालिनी गोयल आदि मौजूद रहे।

## जनसेवा और विकास कार्यों का संकल्प निरंतर जारी रहेगा- विधायक शिव

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने सामिया लेक सिटी में विधायक निधि से स्वीकृत मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। इस दौरान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक का स्वागत करते हुए विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और जनभावनाओं के अनुरूप लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं के विस्तार से श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत, धार्मिक एवं जनसुविधाओं से जुड़े विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। जनसेवा और विकास कार्यों का संकल्प निरंतर जारी है तथा क्षेत्र में विकास की गति को किसी भी स्तर पर रुकने नहीं दिया जाएगा विधायक ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जनप्रतिनिधि का दायित्व सौंपा है।

# फिल्मी दुनिया

## अभिनेत्री शेली फैबारेस का निधन, 82 की उम्र में ली अंतिम सांस



*द डोना रीड शो में टीनएजर के तौर पर अपने मशहूर रोल से लेकर वन डे एट ए टाइम और कोच जैसे शो तक, दशकों से टेलीविजन पर छाई रहीं अभिनेत्री शेली फैबारेस का निधन हो गया। अभिनेत्री और गायिका शेली फैबारेस का 82 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके परिवार ने उनके निधन की पुष्टि की है। वह कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उनके परिवार ने मीडिया को बताया कि शनिवार को लॉस एंजिल्स में उनका निधन हो गया। मौत की वजह नहीं बताई गई।*

*द डोना रीड शो और वन डे एट ए टाइम जैसे प्रोजेक्ट से अपनी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री शेली के परिवार ने लिखा अपने परिवार और दोस्तों के लिए, शेली प्यार, हिम्मत, हंसी और सुकून का जरिया थीं। उनमें लोगों को अपनापन, अहमियत और परवाह का एहसास कराने की अद्भुत काबिलियत थी। फैबारेस ने दो बार शादी की। पहली बार 1964 में प्रोड्यूसर लू एडलर से। 1984 में उनकी शादी 'MASH' एक्टर माइक फैरेल से हुई थी। वह अल्जाइमर के बारे में जागरूकता फैलाने की भी बड़ी समर्थक थीं, क्योंकि उनकी मां भी इससे प्रभावित थीं। फैबारेस का जन्म 1944 में सांता मोनिका, कैलिफोर्निया में हुआ था। उन्होंने बचपन में ही एक्टिंग शुरू कर दी थी।*

### लिवर का हुआ था ट्रांसप्लांट

*1999 की शुरुआत में, एसोफैगल ब्लीडिंग (खाने की नली से खून बहना) के कारण इमरजेंसी रूम जाने पर पता चला कि उन्हें लिवर फेलियर की समस्या हो रही थी। 22 महीने तक वेटिंग लिस्ट में रहने के बाद, अक्टूबर 2000 में उनका लिवर ट्रांसप्लांट हुआ।*

## लायनेस क्लब का बालकृष्ण महोत्सव धूमधाम से संपन्न

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लायनेस क्लब हल्द्वानी द्वारा रविवार को बालकृष्ण महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य आभा शर्मा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

महोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण के रूप में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर वेशभूषा एवं थाल भोग सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 0 से 3 वर्ष वेशभूषा प्रतियोगिता परिणाम प्रथम - हृदयांश पांडे, द्वितीय - रक्षिता, तृतीय - सौम्या सनवाल थाल भोग प्रतियोगिता परिणाम प्रथम कुसुमलता, द्वितीय रचना देवल, तृतीय नीमा गोस्वामी रही।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में आभा शर्मा, भूमिका भंडारी, तनुजा मेलकानी, सीमा देवल, इंदु अग्रवाल एवं सरिता अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष तनुजा जोशी, सचिव शालिनी गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी पूनम सैनी सहित क्लब की समस्त सदस्य उपस्थित रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में अध्यक्ष तनुजा जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



News कॉर्नर

## जरक के पत्तों के पकोड़े खाने से कई लोग हो गए बीमार

नैनीताल । नगर में जंगली पौधे जरक के पत्तों के पकोड़े खाने की वजह से कई लोग बीमार हो गए। बीमार पडने के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्हें उपचार देने के बाद स्वस्थ्य होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया। जानकारी के मुताबिक नगर के बिड़ला चुंगी मार्ग में लेक व्यू क्षेत्र के रहने वाले महेश चंद्र के घर में शनिवार दोपहर में बर्थडे की पार्टी चल रही थी। पार्टी में स्थानीय जरक से बने पकोड़े सर्व किये गए। पार्टी में पहुंचे कई लोगों ने पकोड़े खाए जिसके आधे घंटे बाद उनके सर घूमने लगा। स्थिति गंभीर होती देख प्रभावित लोगों को जिला अस्पताल ले गए। बाद में भर्ती सभी लोगों को धीरे-धीरे होश आने लगा,बाद में स्थिति सामान्य होने के बाद सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया।

## उद्यान विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

नैनीताल । उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की जनपद शाखा नैनीताल की नई कार्यकारिणी का गठन ज्योलीकोट में किया गया जिसमें सर्वसममति से प्रमोद जोशी को अध्यक्ष और वीरेन्द्र जोशी को जिलामंत्री चुना गया। प्रदेशीय वरिष्ठ कीट विद् कार्यालय ज्योलीकोट में आयोजित चुनाव प्रक्रिया में विभागीय कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। चुनाव तकनीकी कर्मचारी संगठन उद्यान नैनीताल के अध्यक्ष चन्द्रलाल और पर्यवेक्षक भवानीशंकर काण्डपाल की देखरेख में संपन्न हुआ। इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चन्द्रलाल ने पद की शपथ दिलाई। कार्यकारिणी में ज्ञानेन्द्र पाण्डे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रेमा पाण्डे को महिला उपाध्यक्ष जबकि संदीप जोशी को कोषाध्यक्ष तथा गोपेश भट्ट को संप्रेक्षक और जनार्दन प्रसाद चौधरी को संरक्षक बनाया गया।

# सेंट जोसेफ्स ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन का सेमियन-सेमाइट मिलन समारोह

नैनीताल/नई दिल्ली

हमारे संवाददाता





सेंट जोसेफ्स ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन, नैनीताल की ओर से नई दिल्ली स्थित कोटा हाउस में भव्य सेमियन-सेमाइट मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 100 से अधिक पूर्व छात्र, विद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान प्रधानाचार्य तथा कॉन्ग्रिगेशन ऑफ क्रिश्चियन ब्रदर्स इन इंडिया के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत पूर्व छात्रों और विद्यालय परिवार के सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विभिन्न पीढ़ियों के सेमियन-सेमाइट के बीच वर्षों से चले आ रहे मित्रता और भाईचारे के संबंधों का उत्सव मनाया गया। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए कॉन्ग्रिगेशन ऑफ क्रिश्चियन ब्रदर्स के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। समारोह का प्रमुख आकर्षण ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन की प्रतिष्ठित पत्रिका का विमोचन रहा। पत्रिका के मूल संपादक कर्नल राणा रॉय को उनके महत्वपूर्ण एवं दीर्घकालिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेंट जोसेफ्स की सात दशक से अधिक पुरानी परंपरा भी जीवंत नजर आई। एसोसिएशन के सबसे वरिष्ठ सदस्य वर्ष 1951 बैच के वी. लाल और सबसे युवा सदस्य वर्ष 2024 बैच के आयुष्मान साह एक ही मंच पर मौजूद रहे। दोनों पीढ़ियों की उपस्थिति ने पूर्व छात्र समुदाय की मजबूत और स्थायी विरासत को दर्शाया। सभी सेमियन-सेमाइट ने एक स्वर में सेंट जोसेफ्स कॉलेज का एंथम गाया। वर्ष 1963 बैच के लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ने एंथम का नेतृत्व किया। इस दौरान विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव और पुरानी स्मृतियां साझा कीं। प्रतिभागियों ने आयोजन के लिए एसोसिएशन की गवर्निंग काउंसिल के प्रयासों की सराहना की। समारोह का आयोजन एसोसिएशन की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष कर्नल कैज़ाद भाया, उपाध्यक्ष राकेश भट्ट, सचिव अमनदीप सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव चौबे, करणवीर गंगोला के नेतृत्व में किया गया। आयोजन के माध्यम से एसोसिएशन ने पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सेंट जोसेफ्स की साझा विरासत को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# गोरापड़ाव डकैती में चार और गिरफ्तार, अब तक छह बदमाश पुलिस के शिकंजे में

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गोरापड़ाव में 19 अगस्त की शाम हथियारबंद बदमाशों द्वारा की गई सनसनीखेज डकैती के मामले में नैनीताल पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मामले में अब तक छह आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। चार नए आरोपियों की गिरफ्तारी हल्द्वानी, दिल्ली और किच्छा से की गई है।

गोरापड़ाव में केआईवाई शोरूम के पीछे स्थित नारायण दास के ऑफिस/गैराज में 10-12 हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर करीब आठ लाख रुपये की नकदी, 12 मोबाइल फोन और सोने की चेन-अंगूठियां लूट ली थीं। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। मामले में कोतवाली हल्द्वानी में एफआईआर संख्या 284/26 के तहत



धारा 310(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए करीब 50 अधिकारियों-कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की। टीम में एसपी क्राइम/ट्रैफिक डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एएसपी/सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी समेत थाना पुलिस, एसओजी, साइबर टीम, क्राइम विशेषज्ञ, बीडीएस डॉग स्क्वायड और क्राइम सीन विशेषज्ञों को शामिल किया गया। पुलिस टीमों ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ सर्विलांस के जरिए बदमाशों की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं। पुलिस के अनुसार इसी कार्रवाई के दौरान 21 अगस्त को वंशप्रीत सिंह उर्फ पन्नू और रखवीर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

**दिल्ली से किच्छा तक दबिश:** इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए अमनदीप सिंह और शिवराज सिंह को 22 अगस्त को डीएनडी फ्लाईओवर, जैतपुर मोड़ नई दिल्ली से गिरफ्तार किया। वहीं यश सिडाना को 23 अगस्त को हल्द्वानी और अफजल मलिक को 23 अगस्त को किच्छा से दबोचा गया।

# बीडी पांडे अस्पताल की बदहाली पर शासन गंभीर, जीर्णोद्धार की उम्मीद

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वर्षों पुराने बीडी पांडे जिला अस्पताल के जर्जर भवन और लगातार सामने आ रही व्यवस्थागत कमियों को लेकर अब शासन भी गंभीर हो गया है। हाईकोर्ट के निर्देश और स्वास्थ्य सचिव के निरीक्षण के बाद रविवार को शासन से पहुंची तकनीकी टीम ने अस्पताल भवन का निरीक्षण किया।

टीम ने पुरानी और क्षतिग्रस्त छत समेत भवन के विभिन्न हिस्सों की स्थिति का आकलन कर जरूरी कार्यों को चिन्हित किया। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर अब अस्पताल के जीर्णोद्धार और सुविधा विस्तार की दिशा में अगला कदम उठाया जाएगा।

बता दें कि बीते दिनों हाईकोर्ट के निर्देश पर स्वास्थ्य सचिव विनय शंकर पांडे ने बीडी पांडे अस्पताल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने उनके सामने भवन की जर्जर स्थितिए कई स्थानों पर छत से पानी टपकने और अन्य समस्याओं को रखा था। स्वास्थ्य सचिव ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर से तकनीकी टीम भेजकर भवन का सर्वे कराने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में रविवार को सहायक अभियंता निर्मल थापा और अवर अभियंता जेके तिवारी के नेतृत्व में तकनीकी टीम अस्पताल पहुंची।

टीम ने अस्पताल के पुराने भवन का विभिन्न हिस्सों में निरीक्षण किया। इस दौरान छत व भवन की संरचना और सुविधा विस्तार के लिए जरूरी स्थानों समेत अन्य कमियों को चिन्हित किया गया।

### रिपोर्ट के बाद तय होगी आगे की कार्रवाई

नैनीताल। तकनीकी अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद भवन के जीर्णोद्धार और सुविधा विस्तार का प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा। इससे लंबे समय से भवन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे अस्पताल को राहत मिलने की उम्मीद है।

# जश्ने ईद मिलादुनबी और रक्षाबंधन को लेकर पुलिस ने कसी कमर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आगामी बारावफात (ईदुल-मिलादनवी) और रक्षाबंधन पर्व को शाँतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल ने कोतवाली हल्द्वानी के मीटिंग हॉल में सीएलजी/ पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ त्योहारों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

बैठक में दोनों पर्वों को परंपरागत तरीके से मनाने और धार्मिक आयोजनों के दौरान आपसी भाईचारा एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाराबफात का जुलूस निर्धारित रूट और स्थान से ही निकाला जाएगा। आयोजन के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के साथ अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था को लेकर निरीक्षक यातायात को शहर में प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू करने के निर्देश दिए गए। भीड़भाड़ वाले बाजारों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, गश्त और पिकेट व्यवस्था बढ़ाने को भी कहा गया। आयोजनों को सुचारू बनाने के लिए वालंटियरों की मदद लेने पर भी चर्चा हुई। बैठक में पुलिस ने सोशल मीडिया को लेकर भी सख्त चेतावनी दी। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा सभी प्लेटफार्म पर निगरानी रखी जाएगी।

पुलिस ने लोगों से किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक सूचना को प्रसारित नहीं करने की अपील की। धार्मिक भावनाएं भड़काने या किसी धर्म का जानबूझकर अपमान करने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित कार्यदायी संस्थाओं से पर्व के दौरान पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में एएसपी/सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, एसडीएम हल्द्वानी मोनिका सिंह, प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल, निरीक्षक यातायात योगेश पांडेय, नगर निगम के अधिकारी, सीएलजी/पीस कमेटी के सदस्य, व्यापार मंडल, जनप्रतिनिधि, धार्मिक अनुयायी, अभिसूचना इकाई एवं थाना पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



## कैंची धाम जा रहे दिल्ली के श्रद्धालुओं की कार खाई में गिरी

नैनीताल । रविवार को एक नयी कार से बाबा नीब करौरी के कैंची धाम आ रहे श्रद्धालुओं की कार मंदिर से कुछ दूर पहले सड़क की रेलिंग तोड़कर लगभग 50 मीटर गहरी खाई की ओर गिर गयी लेकिन संयोग से लगभग 150 फिट नीचे ही एक पेड़ से टकराकर रुक गयी। कार में दो दोस्त सवार थे। दुर्घटना के बाद कार को तो सड़क तक नहीं लाया जा सका लेकिन कार सवार स्वयं चलकर सड़क तक आ गयेए और उनकी जान बच गयी। सुरक्षित बचने और खाई की गहराई देखने के बाद युवकों ने बाबा नीब करौरी के प्रति अपनी अगाध आस्था व्यक्त की और कहा कि उनकी कृपा से ही वह बच गये।

# बौद्धिक संपदा अधिकार नवाचार को बढ़ावा देता है: प्रो.तिवारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की ओर से हर्मिटेज में सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को बौद्धिक संपदा अधिकार, मुक्त शिक्षा और पुस्तकालय स्वचालन पर विशेषज्ञ व्याखयान आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में कुविवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर व्याखयान देते हुए कॉपीराइट, पेटेंट




तथा व्यापार चिह्न और भौगोलिक संकेतक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार नवाचार को बढ़ावा देता है तथा उत्तराखंड की जैव विविधता, औषधीय पौधों, बुरांश, किल्मोड़ा और थुनेर जैसे हिमालयी पौधों सहित पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने शोधार्थियों से अपने शोध कार्यों के पेटेंट, कॉपीराइट और भौगोलिक संकेतक के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रो. तिवारी और प्रो. दीपक पालीवाल को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। तकनीकी सत्र में विजय प्रताप सिंह ने सूचीकरण, पुस्तक निर्गमन और सदस्यता प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. युगल जोशी, उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. चारु चंद तिवारी, दीप चंद तिवारी व शोधार्थी और पुस्तकालय कर्मी उपस्थित रहे। संचालन मनोज कुमार ने किया।

# अस्मिता सेपक टाकरा सिटी लीग प्रतियोगिता: माउंट लिटरा स्कूल विजेता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारत सरकार द्वारा बालिकाओं को खेलों से जोडने के लिए 2003 से आरंभ कार्यक्रम अस्मिता के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में द सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा अस्मिता सेपक टाकरा सिटी लीग-2026 का आयोजन

रविवार को किया गया जिसमें रुद्रपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों की 100 से अधिक बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला के बीच खेला गया जिसमें माउंट लिटरा स्कूल विजेता तथा दिल्ली




पबलिक स्कूल उपविजेता रहा। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ एवं समापन प्रो.डी.डी.जोशी एवं दिल्ली प बलिक स्कूल के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर द्वारा किया गया। द सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के चेयरमैन डॉ.नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि यह आयोजन भारत सरकार के अस्मिता कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की बालिकाओं को खेलों से जोडने के लिए किया गया है,भविष्य में भी समय समय पर एसे कार्यक्रम संघ द्वारा आयोजित किए जाते रहेगे।

प्रतियोगिता के निर्णायक लोकेश पांडे, गौरव जोशी,जया पांडे,प्रगति, किरण,श्वेता,अंजलि,गौरव,योगेश पांडेय तथा चेतन भट्ट रहे। इस मौके पर आशीष बिष्ट वन दरोगा तथा अंतर्राष्ट्रीय सेपक टाकरा खिलाड़ी का परिचय सभी खिलाड़ियों को मिला। उक्त अवसर पर वाइस चेयरमैन हरमन ग्रोवर, एडवोकेट भूपेश दुमका, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी नरेंद्र रावत, क्रीड़ा प्रभारी राजीव मंडल तथा राजेश, दीपक अधिकारी, सूरज व दिव्यांशु तथा प्रिंस आदि उपस्थित रहे।